卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 188 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦15 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## माफिया बोला- वर्चस्व के लिए की उमेश पाल की हत्या

### रिमांड पर पूछताछ के दौरान अतीक ने गुनाह कबूल किया

प्रयागराज(उद संवाददाता)। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार बेटे असद के झांसी में गुरुवार को मुठभेड़ में मारे जाने के बाद आखिरकार माफिया अतीक ने पुलिस के सामने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए अतीक से पूछताछ में पुलिस अधिकारियों ने पूछा कि उमेश पाल की हत्या क्यों करवाई तो माफिया बोला- वर्चस्व के लिए। उमेश पाल उसकी और उसके गुर्गों की जमीन पर लगातार अलग-अलग तरीका अपनाकर कब्जा कर रहा था। अपने अपहरण में उसे सजा भी दिलवाना चाहता था। अपहरण केस में गवाही पूरी होने के बाद वह खिलाफ में ज्यादा बोलने लगा था और कई मददगारों को अपने पक्ष में कर लिया था। अतीक ने हत्या की साजिश में बीवी शाइस्ता के शामिल होने की बात भी स्वीकार की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अतीक ने कहा कि उसके ही कहने पर उसका भाई अशरफ सहित अन्य लोग हत्या की योजना में शामिल हुए थे। सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई



थी। मार्केट में कुछ लोग हल्ला मचाने लगे थे कि अतीक का चकिया का आतंक कम हो रहा है, जिसे बरकरार रखना जरूरी था। उमेश के साथ ही पुलिस वालों की हत्या करके यह संदेश दिया गया कि अतीक का वर्चस्व बरकरार है। पुलिस कस्टडी रिमांड मिलने के बाद अतीक और अशरफ को गुरुवार रात करीब 10 बजे नैनी जेल से निकालकर धूमनगंज थाने के लाकअप में डाल दिया गया। डीसीपी दीपक भूकर, एसीपी एनएन सिंह, एसीपी क्राइम वरुण, विवेचक व प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या ने अतीक व अशरफ से घंटों पूछताछ की। रात को अलग-अलग चरण में पूछताछ के बाद दोनों को दोबारा लाकअप में डाला गया। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस के साथ ही एसटीएफ, एटीएस सहित दूसरी एजेंसी के अधिकारियों ने कई सवाल पूछे। तमाम सवालों का जवाब देने से उसने इन्कार किया तो कुछ के बारे में न कहा। अतीक ने यह भी बताया कि शाइस्ता नहीं चाहती थी कि बेटा असद भी साजिश में शरीक हो। बाद में अशरफ(शेष पृष्ठ 7 पर)

## प्रदेश में 24 घंटे में कोरोना के 108 नए मरीज मिले

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 108 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक संक्रमित की मौत हुई है। अब सक्रिय मरीजों की संख्या 283 हो गई है। देहरादून जिले में 53, नैनीताल में 17, हरिद्वार



में 10, टिहरी में 13, पिथौरागढ़ में 6, पौड़ी में 4, चंपावत में 3, अल्मोड़ा और ऊधमसिंहनगर जिले में एक-एक संक्रमित मिला है। संक्रमितों की तुलना में 75 मरीज ठीक हुए हैं। इस साल अब तक प्रदेश भर में कुल 1004 संक्रमित मिले हैं। इसमें 713 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं जबकि कोरोना संक्रमित आठ मरीजों की मौत हुई है। उधर झूलाघाट में भारत नेपाल सीमा पर नेपाल से भारत में प्रवेश करने वालों की एंटीजन जांच शुरू हो चुकी है। पहले दिन कोई भी व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव नहीं मिला। भारत नेपाल(शेष पृष्ठ 7 पर)

## पेट्रोल पम्प कर्मियों के साथ जमकर मारपीट


हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुसुमखेड़ा स्थित अब्दुल्लाह पेट्रोल पम्प में युवकों द्वारा पेट्रोल पम्प कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना सामने आयी है। घटना का



विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पम्प में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ युवकों ने पहले गाली- गलौज की, कर्मचारियों ने विरोध किया, तो मारपीट पर उतर आए और लात-घूंसे चलाने लग गए। पेट्रोल पम्प एसोसिएशन ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया है। वहीं शहर के तमाम पेट्रोल पंप संचालकों ने घटना पर पुलिस कार्रवाई की मांग उठाई है। जानकारी के मुताबिक(शेष पृष्ठ सात पर)

## निजी क्लीनिकों पर छापे,पांच क्लीनिक सीज

लालकुंआ(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बरेली रोड क्षेत्र में की गई ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान 1 दर्जन से अधिक क्लीनिकों में जाकर जांच की गई। इस दौरान पांच अवैध क्लीनिकों को सीज करते हुए उन्हें 3 दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में अपने प्रपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि पंत के निर्देश पर गठित की गई चिकित्साधिकारी लालकुआं डॉ लव पांडे और मोटाहल्दू चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ कृष्ण मुरारी गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ की



टीम ने बरेली रोड क्षेत्र के 1 दर्जन से अधिक क्लीनिको में छापेमारी की, जिसमें से हल्दूचौड़ नया बाजार स्थित डीके क्लीनिक के स्वामी धर्मवीर सिंह छापेमार दल को क्लीनिक से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा सके, जिस पर उक्त क्लीनिक को सील कर दिया। हल्दूचौड़ में ही स्थित कोलकाता क्लीनिक के स्वामी दीपक कुमार मल्लिक भी कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके, जिस पर उक्त क्लीनिक को सीज कर दिया, इसके बाद योगा एवं नेचुरोपैथी के नाम से कारोबार करने वाले हरीश चंद्र मंडल, मंडल क्लीनिक के नाम से क्लीनिक चला रहे थे, जिसे सीज कर दिया गया। इसके बाद जांच टीम के सदस्य अक्षिता मेडिकल स्टोर में पहुंचे तो वहां उसकी आड़ में क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। प्रतिष्ठान को सीज करते हुए उसके स्वामी कैलाश चंद्र पांडे को निर्देश दिए कि वह अपने प्रपत्र लेकर सीएमओ कार्यालय में प्रस्तुत हो। इसके अलावा हल्दूचौड़ के श्रीवास्तव क्लीनिक के स्वामी जितेंद्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानाचार्य को निलंबित करने का आदेश को हाईकोर्ट ने किया खारिज

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्य शिक्षा अधिकारी उधम सिंह नगर से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी काशीपुर द्वारा पं० गो० ब० पन्त इंटर कॉलेज काशीपुर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता प्रमोद कुमार को सस्पेंड कर दिया गया था जिसमे मामला उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पहुचने के बाद न्यायालय ने उक्त निलम्बन के आदेश को गलत ठहराते हुए खघरिज कर दिया है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा जारी किये गए आदेश में उक्त निलम्बन आदेश को खघरिज करते हुए कहा गया है याचिकाकर्ता प्रमोद कुमार ने तर्क दिया है कि याचिकाकर्ता पं० गो० ब० पन्त इंटर कॉलेज काशीपुर में कार्यवाहक प्रधानाचार्य तथा परीक्षा प्रभारी दोनों पदों पर कार्यभार संभाल रहा था इसलिए अन्य विद्यालय में कस्टोडियन के कार्यभार को ग्रहण करना संभव नहीं था जिसकी सूचना उन्होंने विभाग को दे दी थी ! न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया कि लगाया गया आरोप इतना गंभीर नहीं है कि जिसके लिए इतना बड़ा जुर्माना लगया जाये इसलिए उक्त निलम्बन आदेश को कानून कि नजर में बरकरार नहीं रखा जा सकता है तथा निलम्बन आदेश के अवलोकन से यह संकेत मिलता है कि निलम्बन आदेश पारित करने वाले प्राधिकारी ने मामले के सबसे महत्वपूर्ण पहलू पर विचार नहीं किया, अर्थात याचिका कर्ता के खिलाफ आरोप साबित होने कि स्थिति में बड़ा दंड लगया जायेगा या नहीं। इस प्रकार, इस न्यायालय को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि विवादित आदेश बिना दिमाग लगाये सरसरी तौर पर पारित किया गया है तथा मामले को देखते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी काशीपुर के दिनांक 18.03.2023 के निलम्बन आदेश को रद्द किया जाता है।

## किसानों को एक बार में होगा गेहूं का पूरा भुगतान

### गेहूं मूल्य के अलावा ट्रांसपोर्ट एवं बारदाने का अलग से मिलेगा भुगतान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रबन्ध निदेशक टीडीसी एवं जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में रबी 2022-23 बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्पादित बीज मात्रा के अन्तः ग्रहण दरों के निधारण के सम्बंध में टीडीसी की 243वीं निदेशक मण्डल की उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी के शिविर कार्यालय में आहूत की गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 17 अप्रैल से वन टाइम पेमेंट के अंतर्गत 2375 प्रति कुन्तल एवं अग्रिम



भुगतान के अंतर्गत 87% रिकवरी के आधार पर 2150 प्रति कुन्तल के दर से गेहूँ खरीद प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं के मूल्य के अलावा ट्रांसपोर्ट एवं बारदाने का भुगतान अलग से किया जाएगा। जिला धिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूँ खरीद के लिए उक्त दर निर्धारित की गयी है, भविष्य में बाजार के मूल्य में गिरावट आई तो उक्त दरों पर पुनः विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## कल धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से परशुराम जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कल 16 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। पत्रकार वार्ता में महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज ने बताया कि समारोह मनकामेश्वर मंदिर निकट श्याम टॉकीज में 3:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्तुति के साथ होगी। समारोह के मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार होंगे। उन्होंने



बताया कि भगवान परशुराम जयंती पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के बच्चों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें कक्षा 8 तक के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सनातन संस्कृति की समझ को विकसित करना है, साथ ही साथ सनातन धर्म के ज्ञान को स्थाई बनाना है। प्रतिभागी बच्चों से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## समाजसेवियों ने कांता रानी सुखीजा के निधन पर किया शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक संवेदना का सिलसिला जारी है। गत सांय और आज भी शहर तमाम समाजसेवियों और विभिन्न संस्थाओं से जुडे लोगों ने सुखीजा परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और दिवंगत कांता रानी सुखीजा को श्रद्धांजलि दी। संपापदक परमपाल सुखीजा के आवास पर पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भल्ला, एडवोकेट विपुल शर्मा, श्री सनातन धर्म सभा के



अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर, समाजसेवी विजय जग्गा, गुरूबख्श सिंह काका, शिवम कुमार,नितिन भल्ला, गौरव अरोड़ा, राजीव आहूजा, राकेश कुमार,मदन सिंह,हरविंदर कुमार, विजय कुमार, मनीष कुमार, अक्षय अरोड़ा, शैलेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी। इसके साथ ही राजेंद्र कक्कड़,अर्पित कुमार, हेमा पांडे,पार्थ पांडे, प्रमोद कुमार, चंद्रपाल, नरेंद्र कुमार, सहित विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने घर पहुंचकर श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस(शेष पृष्ठ सात पर)

# सन्यासियों के हैरतंगेज करतब देख लोग हुए आश्चर्यचकित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। भक्ति-आस्था के साथ सुरेंद्रनगर के आस्था के प्रतीक पौराणिक बाबा तारकनाथ धाम मे चड़क पूजा का आयोजन हुआ। भगवान भोलेनाथ पर अटूट आस्था के साथ स्थानीय एवं पशिचम बंगाल से आए संन्यासियों ने



लोहे के नुकिले छड़ से अपने पीठ को छेद दिया।कई संन्यासियों ने लोहे के घुमावदार नुकिले कांटे से पीठ छेदकर रस्सी के सहारे ऊंची चरखी से हवा मे घुमते हुए करतब दिखाकर लोगों को अचम्भित किया। चड़क पूजा में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा ने फीता काटकर सड़क पूजा का शुभारंभ किया। सुरेंद्र नगर के बाबा तारकनाथ धाम मे पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के चौथे दिन मंदिर परिसर में चड़क पूजा का आयोजन किया गया। पशिचम बंगाल के उत्तर 24 परगना से आए सन्यासी रतन नन्दी ने विधि विधान से बाबा तारक नाथ का चड़क पूजा संपन्न कराया। मंदिर के मेला मैदान में आयोजित चड़क पूजा के दौरान शिवभक्त संन्यासियों ने भगवान भोलेनाथ पर आस्था से लोहे की नुकिले छड़ से अपने पीठ छेद दिया। चड़क पूजा स्थल में लकड़ी के करीब 20 फूट ऊंचे खम्बे पर दुसरी लकड़ी से चरखी बनाया गया ।संन्यासियों ने लोहे के घुमावदार कांटे से अपने पीठ को छेद कर कांटे के सिरे को रस्सी से बांध दिया। रस्सी का दूसरा सिरा 20 फुट ऊंचे खंभे के ऊपर बने चरखी से बांध दिया । जिसके बाद संन्यासियों ने चरखी मे हवा में घूमते हुए हैरतअंगेज करतब दिखाया। सन्यासियों द्वारा दिखाए गए करतब को चड़क घुल्ली के नाम से जाना जाता है। चड़क पूजा एवं संन्यासियों द्वारा दिखाए गए चड़क गुल्ली देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ का पवित्र धाम का और अधिक विस्तार करने के लिए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दियासलाई। इस अवसर पर पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल, ग्राम प्रधान राजा हालदार, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास,संजीत विश्वास सहित कमेटी पदाधिकारी व सदस्य और गणमान्य लोग आदि मौजूद थे। इधर नगर के बैकुंठपुर के शक्ति फार्म नंबर एक में भी चड़क पूजा धूमधाम से मनाया गया। आज सुरेंद्र नगर तारक नाथ धाम व बैकुंठपुर के धाम में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

# लोगों को भेंट की बांग्ला भाषा की पुस्तकें

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के द्वारा बांग्ला नववर्ष के शुभ अवसर में बांग्ला भाषा की पुस्तक भेट की गई । आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने विभिन्न स्थानों पर बंगला भाषा की पुस्तक बंगाली समाज को लोगो को भेट करते हुए नवबर्ष की शुभकामना दी है। उन्होंने कहा बंगला भाषा हमारी मातृभाषा ही नही हमारी संस्कृति साहित्य सामाजिकता और समस्त संसार की सबसे अमूल्य धरोहर है जिसमे सुस्वादुयुक्त अमृत है ऐसी संस्कृति दुनिया में और कही भी नही है। श्रीमद्भगवत कथा व्यास आचार्य रामचन्द्र जी महाराज ने बांग्ला नवबर्ष के शुभावसर पर समस्त बांगला भाषा प्रेमियों को बधाई देते हुए कहा की बंगाली समाज के सर्वांगीण विकास के



लिए मानसिक गुलामी की जंजीर को तोड़कर हमे एकसूत्र में बंधकर समाज हित में कार्य करने होंगे।उन्होंने लोगो से अपील की है बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विधानसभा में ,जिलापंचायत में,क्षेत्रपंचायत,सभासद और ग्राम प्रधानों में हमारी भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। हम किंगमेकर नही है हमारा समाज राजा है ,अंग्रेजी शासन जिस तरह से,,तोड़ो और राज करो,,की नियम लागू किए थे उसी प्रकार से आज हमारे समाज में कुछ ऐसे लोग आए है।उन्होंने आमजनमानस से अपील की है सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन,सूचना पहुंचाए की बंगाली समाज बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में बांग्ला भाषा लागू करवाने की अपील करते हैं साथ ही बंगाली समाज को आरक्षण दिया जाए।

# बसपा ने धूमधाम से मनाया अम्बेडकर का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित बुद्ध विहार पार्क में डा0 भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिन बसपा कार्यकर्ताओ द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री गयाचरन दिनकर, जिलाध्यक्ष लेखराज गौतम, पूर्व विधायक नारायण पाल आदि ने डा.0 भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। श्री दिनकर ने कहा कि डा. अम्बेडकर के पदचिन्हो पर चलने वाली एकमात्र पार्टी बसपा ही है, अन्य दूसरी पार्टियों ने वोट बैंक की राजनीति के लिए अम्बेडकर जी का जन्मदिन मना रही है, जो कि सिर्फ ढकोसला है। आज डा0 अम्बेडकर जी का जन्मदिन कांग्रेस भी मना रही है, जिसने डा0 अम्बेंडकर को हरवाया था, उन्होने कार्यकर्ताओ से निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटने के लिए कहा। बताया कि बसपा ही एकमात्र पार्टी है जो



दलितो, पिछड़ो, कमजोर वर्गो के लिए संघर्ष करती है। उन्होने कहा कि आज कुछ दलित वोट भाजपा व कांग्रेस को देते है तथा उम्मीद बसपा से करते है कि वो उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष करे। श्री दिनकर ने बताया कि आज देश में दलितो के नाम पर चार हजार से ज्यादा पंजीकृत एवं अपंजीकृत दल/संस्थाएं संचालित हो रही है, जिनका मकसद सिर्फ बसपा को कमजोर करना है, इस मौके पर मिष्ठान भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश सचिव भृगुराशन राव, प्रभारी नन्द गोपाल गौतम, पूर्व जिलाधयक्ष विनोद गौतम, लोकसभा प्रभारी चन्द्रकेश्वर राव, नगर अधयक्ष राजकुमार, विधानसभा अधयक्ष महेन्द्र कुमार, विधानसभा महासचिव रमाकान्त सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृमि मुक्ति दिवस को लेकिर किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हेतु गदरपुर ब्लॉक के समस्त सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों ,तकनीकी संस्थानों आदि के अध्यापकों के अभिमुखीकरण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर से चिकित्सक डॉ प्रशांत चौहान द्वारा कृमि मुक्ति दिवस के महत्व एवं से होने वाली




बीमारियों के बारे में शिक्षकों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से डॉ विकास सचान द्वारा 17 अप्रैल कृमि दिवस के दिन दवाओं को खिलाने पर यदि कोई दुष्प्रभाव होना है तो उससे बचाव हेतु जानकारियां एवं आपातकाल स्थितियों को दूर करने हेतु उपायों को बताया गया। अंत में मोहम्मद रिजवान ब्लॉक प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया। उपरोक्त कार्यक्रम में राधा मिगलानी आरकेएसके काउंसलर द्वारा रिपोर्टिंग फॉर्मेट के प्रारूप के बारे मे बताया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में गदरपुर ब्लॉक से शिक्षा विभाग के ब्लॉक समन्वयक मोहनलाल,अमरजीत बजाज, सतीश कौशिक, विजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग एसएस पब्लिक स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य महोदय का रहा।

# ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज को मिला टाइम्स ग्रुप का प्रतिष्ठित अवार्ड

## ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के निदेशक संतोष मेहरोत्रा को प्रदान किया गया पुरस्कार

काशीपुर(उद संवाददाता)। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज को टाइम्स ग्रुप का प्रतिष्ठित अवार्ड पदम श्री प्रसिद्ध अभिनेत्री रवीना टंडन द्वारा दिया गया । संस्थान को यह अवार्ड उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में शिक्षा के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए दिया गया है । शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित समारोह के दौरान यह पुरस्कार ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के निदेशक संतोष मेहरोत्रा को प्रदान किया गया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में संस्थान के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा द्वारा अवार्ड प्राप्त करने के का पूरा श्रेय ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के सभी शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के इस क्रांतिकारी युग में ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज लगातार समाज के हर वर्गों को साथ में लेकर कार्य कर रहा है। उन्होने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने सफल जीवन के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए, ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज द्वारा बहुत सारे पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से हर विद्यार्थी सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है। उत्तराखंड एक पर्वतीय प्रदेश है जहां पर पलायन की एक गंभीर समस्या है, यदि विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा प्रोफेशनल कोर्स करते हैं तो उनके लिए रोजगार पाना काफी आसान हो जाता है, ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज सिर्फ कुमायूं ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड के विद्यार्थियों के लिए अपने प्रयास लगातार जारी रखेगा ,बहुत सारे ऐसे विद्यार्थी हैं जिनके अभिभावक वित्तीय स्थिति अच्छी ना होने की वजह से अपने पुत्र/पुत्री को अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में प्रवेश नहीं करा पाते, ऐसे विद्यार्थियों के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप का प्रावधान कॉलेज द्वारा किया गया है, उन्होंने कॉलेज द्वारा किए जा रहे हैं कठिन परिश्रम को ही इस अवार्ड का प्रमुख कारण बताया और समस्त ज्ञानार्थी टीम को बधाई दी । इस अवसर पर प्रमुख रूप से कॉलेज के बोर्ड आफ डायरेक्टर आंचल मेहरोत्रा कॉलेज सचिव शिवानी मेहरोत्रा संस्था प्रमुख प्रतिमा सिंह, डायरेक्टर अकैडमिक मनोज मिश्रा हेड ऑफ ऑल डिपार्टमेंट डॉ शीतल सुब्बा, कॉलेज रजिस्ट्रार सतीश कांडपाल, समस्त शिक्षक गण एवं छात्र उपस्थित थे ।



# धोखाधड़ी का आरोपी सामिया लेक सिटी का प्रबंधक गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने सामिया लेक सिटी के प्रबंधक को धोखाधड़ी के आरोप में गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लेक सिटी के मालिक जमील खान की तलाश कर रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई एक परिवार की ओर से दर्ज कराए गए चार केस के आधार पर की है। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 2500 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। शुक्रवार को सीओ सिटी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि लालकुआं निवासी सहजाद खान, उनकी पत्नी फिरदौस खान, बेटी डॉ. फरहीन खान, बेटा फरदीन खान ने सामिया लेक सिटी के मालिक जमील खान निवासी दिल्ली और प्रबंधक सगीर अहमद खान निवासी लैवोनी अपार्टमेंट क्रासिंग रिपब्लिक गाजियाबाद पर केस दर्ज कराए थे। उनका कहना था कि 48. 10 लाख रुपये देने के बावजूद उनको निधारित प्लॉट के बजाए दूसरे प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री दी गई। एसएसपी ने बताया कि



आरोपी संगठित तरीके से धोखाधड़ी करते हैं। एक प्लॉट या आवास की कई रजिस्ट्री की जाती हैं और प्लॉट खरीदने वालों को कब्जा नहीं मिलता है। वहां पर एसपी सिटी मनोज कत्याल,इंस्पेक्टर विक्रम राठौर, एसआई अर्जुन गिरी, भुवन जोशी आदि मौजूद रहे। एसएसपी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से जमीनों का फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। सामिया प्रबंधन पर कई सिविल और आपराधिक केस दर्ज हैं। मालिक जमील की तलाश में दबिशें दी जा रही है। जरूरत पड़ी को लुकआउट सर्कुलर जारी किया जाएगा। जांच के लिए एक राजपत्रित अधिकारी की अगुवाई में एसआईटी का गठन किया जाएगा। आरोपियों पर गैंगेस्टर और संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी। खटीमा के कुछ पीड़ित लोगों ने पुलिस से फोन पर संपर्क किया है। एसएसपी ने कहा कि जो भी पीड़ित हैं, वो सामने आएं। सभी पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज करने के साथ ही न्याय दिलाया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि लोगों से सामिया सिटी में प्लॉट और फ्लैट के नाम पर रुपये लेने के बावजूद पजेशन नहीं दिए जाते हैं। जब कोई पुलिस में शिकायत करता है तो समझौते के नाम पर फर्जी अनुबंध या रजिस्ट्री दे दी जाती हैं।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में मना वैसाखी पर्व

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा में वैसाखी पर्व मनाया गया। सुबह से ही संगत का गुरुद्वारा साहिब में आना शुरू हो गया था। जहाँ हजूरी रागी भाई परमजीत सिंघ ने रोजाना की तरह आसा दी वार का कीर्तन किया वही भाई जसपाल सिंघ, दलजीत सिंघ एवं बच्चों ने रसभिना कीर्तन कर के संगत का मन मोह लिया। इसके उपरान्त अम्बाला से आये भाई दीपेंदर सिंघ ने वैसाखी व खालसा प्रगट दिवस पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि खालसा बनाने की नींव तो गुरु नानक साहिब ने ही रख दी थी। 1699 की वैसाखी पर गुरु गोबिंद सिंघ जी ने इस पर अंतिम मोहर लगा दी। जहाँ गुरु साहिब ने सिख धर्म मे प्रवेश करने के लिए खंडे बाटे की पाहुल को जरूरी कर दिया। वहीँ हर अमृतधारी के लिए पांच ककार, 4 कुरहते, पांच बाणियो का पाठ करना भी निश्चित कर दिया। उन्होंने बताया कि गुरु साहिब का पांच प्यारो के चयन के पीछे भी बहुत लंबे समय की विचार, सोच, दूरदृष्टि थी। भाई गगनदीप सिंघ गंगानगर वाले एवं साथियों ने इन्हीं की किरपा के सजे हम है,खालसा मेरो रूप है खास, अमृत पीवो सदा चिर जीवो आदि शबदो का गायन करके पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया।अंत मे भाई अमरीक सिंघ ने अरदास एवं हुकमनामा ले कर प्रोग्राम की सम्पूर्णता करी। मुख्य सेवादार स.रंजीत सिंघ ने सभी संगत को वैसाखी की बधाई दी। मंच का संचालन सुरेंदर कौर ने किया। सभी कमेटी मेंबर्स ने बाहर से आये रागी, प्रचारक एवं सभी सेवादारो का धन्यवाद किया। इस दौरान कमेटी मेंबर रविंदरपाल सिंघ, तजिंदर सिंघ, जगजीत सिंघ, सतपाल सिंघ, अमनपाल सिंघ, बलविंदर सिंघ, जगमोहन सिंघ, सुरेन्द्रपाल सिंघ, सतवंत सिंघ आदि मौजूद रहे। शाम का दीवान गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब, राजिंदर नगर, राजपुरा में हुआ। आज प्रात: गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मे अमृत संचार किया गया।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में दमकल कर्मियों की रैली का हुआ स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्नि शमन विभाग द्वारा गत दिवस अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम दमकल अधिकारियों व कर्मियों ने दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके पश्चात जन जागरूकता रैली निकाली गई जो सिडकुल क्षेत्र के सभी मार्गों से होकर गुजरी। अग्नि शमन अधिकारी हरी सिंह के नेतृत्व में जब रैली ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज पहुंची तो फैक्ट्री के कई अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। हरी सिंह ने अधिकारियों से बातचीत करते हुए उनसे संस्थान में अग्नि सुरक्षा यंत्रों को हर समय दुरुस्त रखने तथा कर्मचारियों को इनका उपयोग करने का प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने कहा कि संस्थान में कुछ माह पूर्व में हुए अग्निकांड से सबक लेकर भविष्य के लिए अग्नि शमन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करना होगा। इस दौरान फैक्ट्री के प्रबंधक प्रमोद खेर, एचआर हेड मुक्ता टंडन, असिस्टेंट एचआर शिवनाथ दूबे, रीजनल मैनेजर मधुकर, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर, क्वालिटी मेनेजर नितिन, प्रोडक्शन मेनेजर संदीप सिंह, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, आदित्य जैन व रचित आदि अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।



## डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलकर होगी देश की उन्नति: जुल्फकार

गदरपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि डॉ.आंबेडकर के विचारों को अपनी जिंदगी में लाने की जरूरत है। उनके विचार आज के दौर में हमारे देश, प्रदेश और समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर काशीपुर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुए समारोह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री ने कहा कि भारत के संविधान का प्रत्येक नागरिक को पालन करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। आज डॉ.आंबेडकर को हर जाति धर्म और देश के लोग मान रहे हैं। इसका श्रेय देश और प्रदेश की वर्तमान सरकार को जाता है। यदि आज समाज सुरक्षित है तो बाबा साहब के संविधान की वजह से है। बाबा साहब के सपनों को पूरा करना है। बाबा साहेब वह शख्सियत थे।जिन्होंने, हमारे मुल्क हिन्दुस्तान को सबसे बेहतरीन संविधान बनाकर मुल्क को सुनहरी राह दिखाई। डॉक्टर अंबेडकर के आदेश आदर्शों पर चलकर ही उन्नत समाज और राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। इस दौरान फारुख खान, मोहम्मद इदरीश हुसैन, शमशाद हुसैन, जावेद अली, इमरान खान, बंटी हुसैन, मुनाजिर हुसैन, इंतजार हुसैन अंजार हुसैन आदि मौजूद रहे।



## ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी के घर पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत रत्न बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर रुद्रपुर पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी गिरीश राठौर के घर पहुंची,जहां पर उनका राम दरबार,चांदी का मुकुट और हार पहनाकर स्वागत किया गया। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री और सोमेश्वर से विधायक रेखा ने शुक्रवार को रुद्रपुर में आयोजित बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर आयोजित की कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान दोपहर करीब दो बजे कैबिनेट मंत्री ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी गिरीश राठौर के घर पहुंची। कैबिनेट मंत्री के घर आने पर ग्रीस व उनके परिजनों ने भव्य स्वागत किया। उन्हें चांदी का मुकुट,राम दरबार और हार पहनाया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने गिरीश व उसके परिवार से वार्ता भी की। कैबिनेट मंत्री रेखा के आवास पर आने से गिरीश और उनके परिवार ने हर्ष जताते हुए उनका धन्यवाद भी दिया। इस दौरान मेयर राम पाल सिंह,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, किसान मोर्चा के जिला धरेन्द्र मिश्रा,दीपक गुलाटी,राजेश जग्गा, मुकेश पाल, मोर सिंह यादव,भूप राम लोधी, पार्षद बबलू सागर,छेदा लाल राठौर ,प्रदीप राठौर,राजेश यादव,एडवोकेट अजीत सक्सेना,प्रेम पाल लोधी,दीपू रस्तोगी ,किशन पाल गंगवार,वीरेंद्र राठौर आदि मौजूद थे।



## धूमधाम से मनाया मां संतोषी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। माँ संतोषी माता मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। माँ संतोषी माता मंदिर राजपुरा में मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में माता का जागरण आयोजित किया गया। जिसकी पूजा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित घनश्याम जी ने कराई। इस अवसर पर माँ संतोषी माता मंदिर समिति की संरक्षिका श्रीमती कमला देवी कश्यप, उप संरक्षक मधु कश्यप, अध्यक्ष मायादेवी, उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया, सचिव अर्जुन प्रकाश, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद, हेमंत साहू, सूरज, रोहित, प्रेम पाती, संजय गोयल, रिचा गोयल, सनी आनंद, राजकुमार आनंद, एवं अन्य लोगों ने माँ भगवती के गुणगान का लाभ उठाया। प्रातः आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।



## एकजुटता व आपसी सदभाव से कार्य करें कार्यकर्ता : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जय भारत सत्याग्रह चौपाल कार्यक्रम के तहत महानगर के वार्ड 48 मल्ली बमौरी और वार्ड 59 तल्ली बमौरी में चौपाल का आयोजन किया गया। वार्ड 48 में वरिष्ठ अधिवक्ता डीडी जोशी के आवास में तथा वार्ड 49 में कांग्रेसी नेता कौशलेंद्र भट्ट के आवास पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक सुमित हृदयेश ने स्थानीय लोगो से उनका और क्षेत्र का हालचाल जाना तथा अपने एक साल के कार्यकाल का फीडबैक भी लिया। सभी ने एक स्वर से विधायक सुमित हृदयेश के एक साल के कार्यकाल के साथ-साथ नगर के विकास हेतु उनकी सोच और योजनाओं की सराहना की।सुमित हृदयेश ने सभी से एकजुटता और आपसी सदभाव के साथ विकासमुखी सोच को लेकर कार्य करने की बात कही। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा सरकार ने तानाशाही रवैया दिखाते हुवे उनकी संसद सदस्यता रद्द की। जिसकी सभी घोर भर्त्सना करते हैं। चौपाल कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष हेम पाण्डे, पार्षद विनोद दानी, मुकुल बलुटिया, नेत्र जोशी, डीके पंत, गीता बहुगुणा, कमला तिवाड़ी, योगेश कबड़वाल, सौरभ भट्ट, जीवन बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।



## भाजपाईयों ने मनाई अंबेडकर जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवार के निर्देशन में तथा वार्ड प्रभारी व नगर मंत्री सुधीर अग्रवाल के संयोजन में वार्ड 30, वार्ड 31 तथा वार्ड 32 इंदिरा नगर बनभूलपुरा के बूथ संख्या 140, 139, 137 तथा 142 में भारतीय संविधान के शिल्पकार और सामाजिक न्याय के प्रणिता भारत के पहले कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती माल्यार्पण तथा पुष्प वर्षा कर मनाई गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक गीता साहू, अरविंद केसरवानी, बूथ अध्यक्ष सीमा राठौर, विमला साहू, रवि साहू, पुष्पा सक्सेना, कविता, आरती सक्सेना, राजाराम केसरवानी, राहुल केसरवानी, तुलसीराम केसरवानी, दुर्गा देवी, मंजू, माधुरी, रानी, आदित्य, अंशिका तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सीएम ने मनीष चांद के परिवार को बंधाया ढांढस

खटीमा(उद संवाददाता)। गुरुवार की देर रात्रि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुवैत देश में बीमार मनीष चांद पुत्र हरकेश चांद के बिरिया खटीमा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड स्थित आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री धामी ने मनीष चन्द के परिजनों से मनीष के बारे में जानकारी लेते हुए हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री धामी ने कहा कि सरकार पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी है और मनीष की हिंदुस्तान वापसी हेतु हर संभव मदद की जाएगी। श्री धामी ने मनीष की हिंदुस्तान वापसी व प्रोपर इलाज हेतु भारत के विदेश मंत्रालय तथा कुवैत (देश) के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की।



## कुकरेजा ने जिंदल और अरोरा से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उधम सिंह नगर में भाजपा ने जिले की सोशल मीडिया की कमान रुद्रपुर निवासी विकास कुकरेजा को सौंपी है भाजपा में अहम जिम्मेदारी मिलते ही कुकरेजा ने जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोड़ा से आशीर्वाद लिया। विकास कुकरेजा ने कहा कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के विकास के एजेंडे को जन जन तक पहुंचने का काम करेंगे।



जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी
श्री बाला जी दरबार
स्थान-श्री अजय चौहान जी, सिंह कॉलोनी, गली नंबर 5, खालसा बेकरी के सामने वाली गली, रूद्रपुर 15 अप्रैल, दिन शनिवार रात्रि 09 बजे से
निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल, महन्त, श्री बाला जी मंडल रजि० , दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

## ई-नाम मोबाइल प्रयोगशाला का हुआ शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड (मंडी समिति) रुद्रपुर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर, ई-नाम मोबाइल प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान मंडी समिति अध्यक्ष के के दास, उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, कुलविंदर सिंह, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।



# भारतीय सैन्य सेवा में उत्तराखंड के युवाओं का विशिष्ट योगदान :धामी

## सीएम ने देश के पहले सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का किया अनावरण

देहरादून। उत्तराखंड में देश के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के नाम से कोई बड़ी परियोजना शुरू की जाएगी। उत्तराखंड का गौरव जनरल बिपिन रावत सदैव हमारी स्मृति में जीवित रहेंगे और युवाओं को प्रेरणा देते रहेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बातें दिवंगत जनरल बिपिन रावत की विशाल प्रतिमा के अनावरण के दौरान कहीं। शुक्रवार को कनक चौक स्थित पार्क में पद्म विभूषण जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा और स्मारक का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय बिपिन रावत की बेटियां कृतिका और तारिणी के साथ प्रतिमा का अनावरण किया व उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की स्मृति को चिरस्थायी बनाए जाने के लिए प्रदेश में कोई बड़ी परियोजना उनके नाम पर शुरू की जाएगी। यह भव्य प्रतिमा व स्मारक स्थल जनरल बिपिन रावत के शौर्य, अदम्य साहस और वीरता का स्मरण कराने के साथ ही युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेंगे। सीडीएस जनरल रावत की प्रतिमा व स्मारक स्थल का निर्माण एमडीडीए ने लगभग 50 लाख रुपये की लागत से किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की आकस्मिक मृत्यु से देश को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है और भारतीय सेना के गौरवमयी इतिहास में उत्तराखंड के सैनिकों का विशिष्ट योगदान रहा है। उत्तराखंड के युवाओं के लिए सैन्य सेवा मात्र रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि देश एवं समाज के लिए जीवन समर्पित करने का उत्कृष्ट अवसर भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की मातृभूमि के लिए चार दशकों की निस्वार्थ सेवा, असाधारण वीरता और रणनीतिक कौशल से परिपूर्ण थी। जीवन के अंतिम दिन तक वे केवल देश के लिए ही जीए। कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान उनका मार्गदर्शन सैनिकों के बहुत काम आया। उनके अनुकरणीय योगदान और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने वीरता के नए नए प्रतिमान स्थापित किए। कार्यक्रम के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी संबोधन करते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि जनरल बिपिन रावत के साथ उनकी कई बार मुलाकात हुई और उन्होंने उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उनका उत्तराखंड के प्रति लगाव होने के कारण वे प्रदेश के युवाओं के लिए हमेशा चिंतित रहते थे। जनरल बिपिन रावत से जुड़ी बातों को याद करते हुए सैनिक कल्याण मंत्री भावुक हो उठे और उनके आंसू छलकने लगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, लेकिन जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा के अनावरण करने के लिए उनके अंदर ऊर्जा उत्पन्न हो गई। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को जनरल बिपिन रावत की शादी की वर्षगांठ भी होती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और विधायक खजान दास ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, महापौर सुनील उनियाल गामा, जेओसी संजीव खत्री, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, मेजर जनरल जीएस रावत, मेजर जनरल आनंद सिंह रावत, जनरल बिपिन रावत की बेटी कृतिका एवं तारिणी भी उपस्थित रहे।




# दून पहुंचने पर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिन के उत्तराखण्ड के दौरे पर देहरादून पहुंचे। गढ़ी कैंट देहरादून स्थित डॉ बी.आर. अम्बेडकर मेमोरियल पार्क पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर पार्क में स्थित उनकी मूर्ति पर पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और देश की पूर्व प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविंद ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मूर्ति के नए स्वरूप को देखकर श्री कोविंद ने कैंट बोर्ड के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने इस मूर्ति के संबंध में अपनी स्मृति साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान बाबा साहेब की मूर्ति के छोटा और उनके गरिमा के अनुरूप न होने की बात को राज्यपाल जी ने संज्ञान लेते हुए इस मूर्ति का जीर्णोद्धार कर एक नया और भव्य स्वरूप दिया है, जिसके लिए उन्होंने राज्यपाल सहित कैंट बोर्ड के सभी अधिकारियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए अध्यक्ष कैंट बोर्ड ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता और सीईओ अभिनव सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद तीन दिन के उत्तराखण्ड दौरे पर आमन के चलते उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राजभवन में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों ने सुंदर कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक कला की झलक देखने को मिली। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राजभवन द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'देवभूमि संवाद' का विमोचन किया। राजभवन की पत्रिका देवभूमि संवाद का प्रकाशन प्रत्येक 06 माह में किया जाता है। इस पत्रिका में मा. राज्यपाल के कार्यक्रमों, बैठकों, भाषणों सहित अन्य गतिविधियों को अंकित किया गया है। देवभूमि संवाद का संपादन संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, सह संपादन श्री संजू प्रसाद ध्यानी और सूचना अधिकारी श्री अजनेश राणा द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में श्रीमती सविता कोविंद, श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती गीता धामी, डीजीपी अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ने किया।







# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने वरिष्ठ नागरिकों को किया समानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। संविधान निर्माता करोड़ों शोषितों वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने वाले भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य पर रुद्रपुर रम्पुरा शिव चौरासी घण्टा मन्दिर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समाहोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य शामिल हुई। कार्यक्रम में पहुँचने से पूर्व रम्पुरा में ढोल नगाड़ों के साथ रेखा आर्य का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि रेखा आर्य ने अपने सम्बोधन में कहा बाबा साहब करोड़ो दलितों शोषितों वंचितों के लिये उनके जीवन का समर्पण उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़ना के लिये उनके द्वारा किये गये संघर्ष इतिहास के पन्नो में दर्ज है, समाज मे छुआछूत उच्च नीच के फर्क को समाप्त करने का कार्य अगर किसने किया है तो वह डॉ भीमराव अंबेडकर ही है। रेखा आर्य ने कहा आज पूरा भारत उनकी जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है और हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनकी जयंती पर अवकाश की घोषणा करवाई है जिसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा डॉ भीमराव ने देश को मजबूत संविधान के माध्यम से समाज मे पिछड़े लोगो को भी उनके अधिकारों को दिलाने का कार्य भारत के संविधान के माध्यम से किया है। आज देश उनके दिखाए आदर्शों को आत्मसार करते हुए विकास की राह पर सभी की सामूहिक भागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। वही हमारी उत्तराखंड सरकार ने भी हमारे दलितों भाई बहन के लिये अनेको योजनाएं अनेको कार्य ऐसे किये है जो उनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ रहा है। डॉ भीमराव सिर्फ एक समाज के ही नही बल्कि सम्पूर्ण भारत के नागरिकों के लिये आदर्श रहे है उनके जीवन से हम सभी को सीखने की आवश्यकता है, समाज को जगरूक करने उनको आगे बढ़ने में उनका योगदान कभी भुलाया नही जा सकता, वही कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे विधायक शिव अरोरा ने भी डॉ भीमराव की जयंती पर कहा देश का लोकतंत्र अगर सम्पूर्ण विश्व मे सबसे मजबूत अगर है तो वह बाबा साहब के द्वारा निर्मित संविधान के कारण से है, आजादी के समय से सदैव राष्ट्र प्रेम राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा हम सभी के लिये प्रेरणा है। वही कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर समानित किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विकास शर्मा, मेयर रामपाल, कार्यक्रम सयोंजक जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महेंद्र वाल्मीकि,मडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, नेत्रपाल मौर्य,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अजित शाह, उत्तम दत्ता, राकेश सिंह, राजेश तिवारी, शालनी बोरा, धीरेंद्र मिश्रा, सुरेश कोली, विवेक सक्सेना, मुकेश पाल, चन्द्रपाल, मदन दिवाकर, सुनील ठुकराल, राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, मयंक कक्कड़, दीपक गुलाटी, अनिल चौहान, गिरिश पाल, अजय मौर्य,राज कोली, सुदामा कोली, राजू श्रीवास्तव, अंकित , विपिन कोली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# द्वारिका फार्म वेंकट हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उमंग सामाजिक सेवा समिति द्वारा कल 16 अप्रैल को द्वारिका फार्म वेंकट हॉल, सीटी वन रोड भूरारानी में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति के सचिव भारत भूषण चुघ ने बताया कि शिविर में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन एवं ग्लूकोमा सर्जन डा. नूतन जैन तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. नवीन अग्रवाल व डा. साक्षी पुरी शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देंगी। उन्होंने बताया कि प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में इच्छुक लोगों के नेत्र एवं देह दान करने के घोषणा फार्म भी भरवाए जायेंगे। श्री चुघ ने समस्त लोगों से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि मृत्यु उपरांत छः घंटे के भीतर आंख का कार्निया निकलकर 72 घंटे के भीतर उसका प्रत्यारोपण करना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा पूर्व में जनहित के कार्यों के मद्देनजर गरीब परिवार की कई लड़कियों का विवाह कराया गया वहीं विद्यालयों में गरीब परिवार के बच्चों की हर संभव की जाती रही है। श्री चुघ ने बताया कि समिति अध्यक्ष जगतार सिंह गिल, संरक्षक बलदेवराज छाबड़ा, सीताराम अरोरा, प्रचार सचिव कैलाश गिरी व संगठन सचिव उमेश कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य हमेशा जनसेवा के कार्य में लगे रहते हैं।

# सामाजिक संगठन के लोगों ने कांता रानी सुखीजा के निधन पर जताया शोक

गूलरभोज(उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर व्यापारियों सामाजिक संगठन और पत्रकारों द्वारा शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, हरीश छाबड़ा, प्रमोद कुमार गुप्ता, रमेश सागर, हरेंद्र तोमर, संजीव गुप्ता, पत्रकार यूनियन के नगर अध्यक्ष जीवन नयाल, अजय अरोरा, सुधीर साहू, अरुण दुबे, अमित कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# अम्बेडकर जी ने समाज में महिलाओं को दिलाया सम्मान: रेखा आर्या

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जयंती डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन सेवा एवं शिक्षण विकास समिति की ओर से धूमधाम से मनायी गयी। समिति की ओर से मेन बाजार स्थित डा. अंबेडकर पार्क में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, अति विशिष्ठ अतिथि आईजी नीलेश आनन्द का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि आंबेडकर ने जाति प्रथा का पूर्ण रूप से उन्मूलन कर इंसानियत की नींव रखी। उनमें गांधी का सपना और महात्मा बुद्ध की करुणा दोनों थी। डा. अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे। उनकी गणना विश्व के महान विद्वानों में की जाती है। वे उत्कृष्ट कोटिक विद्वान भारत का 'मनु' कहा जाता है। उनकी इस बात के लिए प्रशंसा की जाती है कि उन्होंने सुदृढ़ निष्ठा और अत्यधिक परिश्रम के साथ संविधान सभा में स्वतंत्र भारत के संविधान को पारित करवाया। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अप्रतिम प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने देश की तन्मयता से सेवा की। वे भारतीय संविधान के शिल्पी ही नहीं थे बल्कि आधुनिक भारत के निर्माताओं में भूमिका होती है। कुछ सोचने, समझने या चिंतन करने की ताकत शिक्षा से ही संभव है। कार्यक्रम में आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर बुद्ध एवं कबीर की परंपरा के क्रांतिकारी मनीषी थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष में लगा अपना पूरा जीवन लगा दिया। बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलकर ही समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा एक धागे में पिरोकर रहना होगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि बाबासाहेब ने तीन मंत्र दिए थे शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। आज हमें इस विचारधारा पर चलना होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगां। बाबा साहब ने ने अपने बुद्धिमत्ता से देश में सबसे बड़ा बदलाव लाने का काम किया। उनके द्वारा बनाये गये संविधान से करोड़ों लोगों के जीवन में जो परिवर्तन आया है। बाबा का निर्माण किया है। वास्तव में पंचतीर्थ का निर्माण ही महामानव को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, आई जी कुमाऊ रेंज डॉ निलेश आनन्द भरणे, विधायक शिव अरोरा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, अनिल चौहान, दीपक गुलाटी, उत्तम दत्ता, श्री कान्त राठौर, भारत भूषण चुघ, शालिनी बोरा, गीता भारद्वाज, मीना शर्मा, ममता शर्मा, हिमांशु







भरणे, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इससे पूर्व बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण और धूप बंदना भी की गयी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भीमराव आंबेडकर के जीवन से लेकर उनके कार्य क्षेत्र व उनकी उपलब्धियों की विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और बाबा साहब के आदर्शों को आचरण में उतारने थे। उनकी विद्वतापूर्ण योग्यताओं की सराहना सभी के द्वारा की गई है। बाबा साहब ने भारतीय समाज में जाति प्रथा के प्रचलन को दुर्भाग्यपूर्ण माना। उन्होंने जातिप्रथा की पद्धति को दो दृष्टिकोणों से स्पष्ट किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जाति प्रथा नियतिवाद के रुढिग्रस्त सिद्धांतों पर आधारित है जो आर्थिक कार्यक्षमता के रूप में फलित नहीं होती। संविधान निर्मात्री सभा में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें आधुनिक से भी एक थे। वे सर्व गुणों के धनी थे। वे एक साथ ही विचारक, लेखक, वक्ता, पत्रकार, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, विधिवेता, शिक्षक और सांसद थे। बाबा साहब ने नारी मुक्ति के लिए भी सर्वाधिक प्रयास किए। बाबा साहब ने नारी शिक्षा के महत्व को समझा। उनका मानना था कि समाज का कोई भी अंग चाहे वह नारी हो, दलित हो, पिछड़ा वर्ग हो या अन्य कोई हो, उसमें जागृति लाने के लिए शिक्षा की बहुत ही महत्वपूर्ण कि आज युवाओं को बाबा साहब के आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाबा साहब ने शिक्षित बनने पर सर्वाधिक जोर दिया था। शिक्षा ही व्यक्ति को उंचाईयों तक ले जा सकती है। आज हमें इस विचारधारा पर चलना होगा तभी देश में एकता आएगी। उन्होंने हमेशा समाज के दबे, कुचले तथा गरीब लोगों के हित के लिए कार्य किया। संविधान बनाकर देश में कानून स्थापित किया। आज हमें अलग-अलग जाति को छोड़कर सबको साहेब की बदौलत ही आज नागरिकों को उनके अधिकार मिले हैं। वंचितों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। हम सब को आज बाबा साहब अंबेडकर के बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। अंबेडकर जी के विचारों पर चलने वाला एकमात्र राजनीतिक दल भाजपा ही है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने बाबा साहब की स्मृतियों से जुड़े स्थानों को सहेजकर पंचतीर्थ शुक्ला, रामस्वरूप भारती, छोटेलाल, डी पी सिंह, नरेश सागर, केवल कृष्ण भारती, बृजपाल सिंह, ए पी आजाद, कांता प्रसाद सागर, सुशील चौहान, अम्बर सिंह, बबलू सागर, विनय विश्वास, हलदर गहलोत, विजय चौधरी, सुनील बाबा, चंद्रसेन कोली, गिरीश राठौर, किरन राठौर, गजेंद्र प्रजापति, गौरव कुशवाहा, मोहन तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, गोपाल पटेल, बंटी राजोरिया सहित हजारों लोग मौजूद रहे।







# वैशाखी पर्व पर खालसा चेतना मार्च का आयोजन

सितारगंज (उद सवाददाता)। खालसा सृजन दिवस वैशाखी पर्व पर गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सितारगंज से गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब तक भव्य खालसा चेतना मार्च निकाला गया। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में अरदास के बाद श्री गुरुग्रंथ साहिब की छत्र छाया और पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन शुरू हुआ। सिख संगत सेवा सोसायटी की ओर से 324वां खालसा चेतना मार्च नगर के मुख्य चौक, महाराणा प्रताप चौक, तुर्कातिसौर, स्कॉलर्स वैली स्कूल, बघौरा चीकाघाट, सिसईखेड़ा, बिडौरा, नानकमत्ता में रंजीत अखाड़े की गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। तुर्कातिसौर में स्कॉलर्स वैली की ओर से खालसा चेतना मार्च के स्वागत में लगाये कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को सरोंपा व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। करीब 13 किमी की पैदल दूरी तय कर खालसा चेतना मार्च नानकमत्ता साहिब पहुंची। इस दौरान जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिब पर शीश नवाकर गुरु महाराज से सुख शांति की अरदास की। स्वर्णमंदिर मॉडल की झांकी, सिंह साहिब जत्थेदार बाबा गुरबक्श सिंह, मुखी









तरना दल के जत्थे समेत ऊंट, घोड़े, पंजाब का बैगपाइपर बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। निहंग सिंह खालसाई वस्त्रों में सजे हुए घोड़ों ओर ऊंट पर सवार थे। सामाजिक कार्यकर्ता महेश मित्तल ने सिख संगत सेवा सोसायटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सरोंपा भेंट कर सम्मानित किया।श् यहां प्रधान बलवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर, सोप्रीत बॉबी भाटिया, पलविंदर सिंह औलख, उपकार सिंह बल, सुखदेव सिंह, गुरजीत सिंह, महेश मित्तल, मक्खन सिंह, सुखवीर सिंह बेदी, धर्मेंद्र चौधरी, रणजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, सर्वजीत सिंह माटा, उदय राणा, कुलविंदर औलख, दलजीत सिंह बल, कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह, गुरदेव सिंह मौजूद रहे।

# संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप मुख्य बाजार स्थित श्री श्री राधा गोविंद मंदिर में श्री श्री अखंड हरिनाम



संकीर्तन से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया स जिसमें सैकड़ों महिलाओं सहित श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा सहित कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिमल राय, निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी, बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गांगुली, नगर निगम पार्षद सुशील मंडल, प्रीति साना, मोनू निषाद, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, उपेंद्र गिरी, रोबिन विश्वास, नंद शेखर गांगुली, रविंद्र गुप्ता, रणजीत सिंह राणा, डॉ सुमित राय, केरु मंडल, अर्जुन विश्वास, जगदीश टंडन सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया बैसाख महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेट्रोपोलिस मॉल परिसर में बैसाख महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से विधायक का चुनाव लड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को वैशाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ पत्रकार ललित शर्मा को प्रेरणादाई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैशाख महोत्सव के नाम से यह पहला कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम से हमारी सभ्यता हमारी संस्कृति और हमारे संस्कारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है जिससे वह मुक्त कंठ से आयोजक



ललित शर्मा और उनकी पूरी टीम की सराहना करती हैं स कार्यक्रम में मीरी पीरी अकैडमी नवाबगंज और वुडलैंड पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति से उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गौ रक्षा दल के विराट आर्य और उनकी टीम सहित ब्लड मैन के नाम से क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके सामाजिक कार्यकर्ता हरविंदर सिंह चुघ को भी सम्मानित किया गया। महोत्सव का सफल संचालन अभिनव छाबड़ा द्वारा किया गया। महोत्सव में दिलीप अधिकारी, कर्नल गुरदेव सिंह, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बाहुबली माफिया

पुलिस अगर अपराधियों पर शिकंजा कसने में संजीदगी दिखाए, तो सचमुच अपराधमुक्त समाज बनाया जा सकता है।उमेश पाल हत्याकांड में जिस तरह उत्तर प्रदेश पुलिस ने सक्रियता दिखाई है, निस्संदेह उससे अपराधियों पर मानसिक दबाव बना है। फरवरी में उमेश पाल की दिन दहाड़े घेर कर हत्या कर दी गई थी। वे अपने बहनोई और विधायक राजूपाल की हत्या के एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी थे। राजूपाल की हत्या में माफिया अतीक अहमद का हाथ बताया गया था। फिर उमेश पाल की हत्या में भी अतीक के ही लोग देखे गए थे।उनमें खुद अतीक अहमद का बेटा भी शामिल था। इस हत्याकांड में शामिल दो बदमाश पहले ही मुठभेड़ में मारे जा चुके थे। अब अतीक अहमद का बेटा और उसका एक साथी बदमाश भी मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। उमेशपाल की हत्या के बाद ये दोनों विभिन्न शहरों में छिपते फिर रहे थे। इसी क्रम में वे दिल्ली भी पहुंचे थे।दिल्ली पुलिस ने इन्हें पनाह देने वाले कुछ हथियार तस्करों को पकड़ा और उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस दल को सौंप दिया था। उनसे पूछताछ के आधार पर ही उत्तर प्रदेश पुलिस इन दोनों बदमाशों तक पहुंची थी। स्वाभाविक ही उमेशपाल हत्याकांड से जुड़े बदमाशों के इस तरह मुठभेड़ों में मारे जाने से उत्तर प्रदेश में सक्रिय दूसरे संगठित अपराधियों को कड़ा सबक मिला है। पुलिस अगर अपराधियों पर शिकंजा कसने में संजीदगी दिखाए, तो सचमुच अपराधमुक्त समाज बनाया जा सकता है। मगर हकीकत यह है कि हर सरकार अपराधमुक्त समाज बनाने का दम तो भरती है, मगर हर बार कुछ नए किस्म के अपराधी भी पनपते देखे जाते हैं। अतीक अहमद का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। पिछले दिनों उसके अलग-अलग ठिकानों पर पड़े छापों से जो नगदी और बेनामी संपत्ति के कागजात जब्त हुए, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसने अपने बाहुबल से किस तरह कानून-व्यवस्था को पंगु बना रखा था। फिलहाल वह जेल में है और उसके खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है, मगर इससे पहले वह किस तरह न सिर्फ बेखौफ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी दबाव बनाए हुए था। अतीक अहमद के गुनाहों और उसकी दबंगई से पुलिस भी अनजान नहीं थी, मगर वह बेखौफ विचरता रहा, तो इसलिए कि उसे राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ था। वह खुद भी राजनीति में प्रवेश कर चुका था। अतीक अकेला ऐसा माफिया नहीं है, ऐसे अनेक बाहुबली हैं, जो राजनीतिक संरक्षण में संगठित अपराध करते रहे हैं। अच्छी बात है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए राजनीतिक संरक्षण में अपराध कर रहे बाहुबलियों पर शिकंजा कसना शुरू किया और उसी के फलस्वरूप उमेशपाल हत्याकांड में शामिल बदमाशों के मारे जाने की यह ताजा घटना हुई। मगर यह सवाल फिर भी बना हुआ है कि आखिर राजनीतिक दल ऐसे अपराधियों से दूरी बनाना कब शुरू करेंगे। जब तक राजनीतिक दलों में आपराधिक वृत्ति के लोगों की पैठ नहीं रुकेगी, ऐसे बदमाश पनपते ही रहेंगे। ऐसा नहीं हो सकता कि विपक्षी खेमे के बदमाशों को लेकर चौकसी बरती जाए और अपने करीबियों को लेकर चुप्पी। यह अकारण नहीं है कि हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद सदन में पहुंचने वाले प्रतिनिधियों में आपराधिक पृष्ठभूमि के सदस्यों की संख्या कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। जब तक राजनीतिक संरक्षण मिलता रहेगा, न तो इस तरह की राजनीतिक हत्याओं का सिलसिला रुकेगा और न पूरी तरह अपराधियों पर लगाम लगाना संभव हो सकेगा।

# राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में 31 ग्लाइडरों ने भरी उड़ान

## डीएम ने नौ मिनट की उड़ान भरकर सबको चौकाया, सुनील कुमार को प्रथम स्थान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जालेख से केदारेश्वर मैदान तक राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में देश प्रदेश के







पराग्लाइडरों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सुनील कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल जो कि स्वयं एक साहसिक खिलाड़ी रही है, उन्होंने भी लोगों के उत्साह और जिलेवासियों में साहसिक खेलों में युवाओ में उत्साह भरने के लिए नौ मिनट तक पैराग्लाइडिंग की। वही डीएम को पैराग्लाइडिंग करते देख लोग भौचक्के रह गए।उन्होंने कहा कि साहसिक पर्यटन में जिले में पर्यटन को चार चांद लगाने के लिए प्रतिभा की कमी नही है, आने वाले समय मे जिला साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा।सभी युवा साहसिक पर्यटन से जुड़कर जिले को पर्यटन का हब बना सकते है, इसलिए हौसलों की उड़ान भरिए, आने वाला समय जिले के प्रतिभासाली युवकों का है, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि कपकोट में साहसिक खेल की अपार संभावना है। क्षेत्र के संर्वागीण विकास किया जाएगा। केदारेश्वर मैदान में तीसरे दिन 31 ग्लाइडरों ने उड़ान भरी। इसके बाद प्रथम स्थान पर सुनील कुमार, पंकज मेहता द्वितीय तथा मनीष उप्रेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें क्रमश 50, 30 तथा 20 हजार रुपये की धनराशि दी गई। मुख्य अतिथि गड़िया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से यहां पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। प्रतियोगिता के सफलता से संचालन हेतु प्रशासन व पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की सराहना की। जिलाधिकारी पाल ने कहा कि सभी पैराग्लाइडर द्वारा कपकोट को पैराग्लाइडिंग के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो सफल रहा। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या ने सभी के सहयोग के प्रति आभार जताया। भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि दयाल सिंह ऐठानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, उप जिलाधिकारी मोनिका, राघवेंद्र पाठक, विष्णु शर्मा, अखीलेश यादेव, धीरेंद्र ठाकुर, एसराज, अखिलेश यादव, राज कुमार, जगदीश जोशी, दीपक पंत, पायलट राजेन्द्र पुनेठा, रामविलास वर्मा, सुनील चौहान, दिनेश कोरंगा, साजिद पी, मनीष मखोलिया, आशिष ठाकुर, शिंदे राम, मदन पोखरिया, दीपक नौगाई, मनीष, प्रवीण कोरंगा, शिवजीत, दिव्या, भुवन चंद्र, दिनेश कोरंगा, संजय राज, मणीकांत एम, पवन नेगी, राजेंद्र पुनेठा, पूरन सिंह, अमृत, मयंक, दीपक आर्या, करन सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव जोशी ने किया।



# ग्लैक्सी एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजी गयी 37 प्रमुख हस्तियां

## भारत से वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप फुटेला, सोशल एक्टिविस्ट रूना शर्मा व सोनम श्रीवास्तव को मिला सम्मान

काठमांडू। गीता एविएशन गैलेक्सी एक्सीलेंस अवार्ड काठमांडू के होटल हयात पैलेस में आयोजित हुआ, कार्यक्रम में फिल्म, साहित्य, पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 37 प्रतिष्ठित हस्तियों को गैलेक्सी अवार्ड दिया गया। निकिला मीडिया नेटवर्क, पब्लिक इंफॉर्मेशन और भवानी एंटरटेनमेंट ने संयुक्त रूप से फिल्म, मॉडलिंग, शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, गैर-सरकारी संगठनों के क्षेत्र में डेढ़ दशक से अधिक समय से सक्रिय उत्कृष्ट व्यक्तित्वों को पुरस्कार वितरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। संचार, पर्यावरण, कला और संस्कृति, और खेल इस वर्ष नेपाल महिला मंडल की अध्यक्ष, नेपाल वाणिज्य मंडल की उपाध्यक्ष और नमक निगम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी उर्मिला श्रेष्ठ को इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार एक ऐसे व्यक्ति को दिया गया है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में देश और समाज के लिए योगदान दिया है। दो दशकों से अधिक समय से सक्रिय होकर अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल सरकार के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल, वरिष्ठ कलाकार मदनकृष्ण श्रेष्ठ, प्रतिष्ठित संगीतकार और गायक शंभूजीत बस्कोटा, वरिष्ठ अभिनेता और फिल्म विकास बोर्ड के अध्यक्ष भुवन केसी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. सुशीला मल्ला व अध्यक्ष के. जनक अधिकारी सहित अन्य ने श्रेष्ठा को सम्मानित किया। इसी तरह वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार डॉ. डीआर उपाध्याय को संस्था द्वारा दिए जाने वाले दुर्गा साधना सम्मान से सम्मानित किया गया है। उपाध्याय एक नेपाली हैं, जिनके नाम दुनिया में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड हैं। कार्यक्रम में नेपाल और भारत की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, बेस्ट यंग अचीवमेंट अवार्ड के लिए सुनील राणा, बेस्ट पॉपुलर रियलिटी शो के लिए कॉमेडी क्लब विथ चैंपियन, मिनिलैंड इंग्लिश हाई स्कूल फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड, प्रदीप खड़का बेस्ट हीरो, कैप्टन फॉर द यंगेस्ट वर्ष के संचालन निदेशक मनीष रत्न शाक्य, सर्वश्रेष्ठ रियलिटी शो के लिए द वॉयस ऑफ नेपाल, सर्वश्रेष्ठ गायक के लिए दीप श्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता के लिए संचिता अधिकारी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर से सर्वश्रेष्ठ संस्कृति और सामाजिक प्रचारक के लिए डॉ. भारत से डॉ0 रूना शर्मा , सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय



पत्रकारिता पुरस्कार के लिए भारत की ओर से प्रदीप फुटेला, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए स्वस्तिमा खड़का और द एजुकेशनल लीडरशिप एंड मैनेजमेंट अवार्ड के लिए पुरुषोत्तम महारजन शामिल हैं। इसी तरह, सर्वश्रेष्ठ बहुमुखी अभिनेता सोरयद छेत्री, सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट अकादमिक अध्यक्ष केशव प्रसाद दंगल, सर्वश्रेष्ठ गायक अंजू, सर्वश्रेष्ठ मीडिया व्यक्ति ऋषि धमाला, सर्वश्रेष्ठ मॉडल शिशिर भंडारी, नेपाली संगीत वीडियो में उत्कृष्ट निरंतरता सीताराम पोखरेल, राष्ट्रीय शैक्षिक हीरो अवार्ड सुदीप कार्की, द बेस्ट बिजनेस पर्सन सुमन दहल, द इमर्जिंग चेयरपर्सन ऋषि झा, बेस्ट फिल्म जर्नलिस्ट राज श्रेष्ठ को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ऑटिज्म स्कूल ऑफ द ईयर अवार्ड सेंटर फॉर ऑटिज्म नेपाल, द वेस्ट सोशल इन्फ्लुएंसर अवार्ड भीम उपाध्याय, द वेस्ट वीडियो एडिटर प्रवीण श्रेष्ठ, द वेस्ट मीडिया बिजनेस पर्सन हरि शरण सुबेदी, द वेस्ट इवेंट ऑर्गनाइजर संतोष राज साहनी, द वेस्ट प्रिंसिपल दिवस शाक्य, द वेस्ट वीडियो एडिटर प्रवीण श्रेष्ठ वेस्ट सिनेमैटोग्राफर नीरज कंदेल, द वेस्ट इंटरनेशनल एक्जीक्यूटिव सेफ इंटरनेशनल भावी खानल, द बेस्ट सिंगर डायस्पोरा मैक्स नेपाल, द वेस्ट फाइनेंशियल लिटरेसी अवार्ड माधव भोको, द वेस्ट नेपाली सेफ ऑफ द ईयर सुरेशचंद्र बासनेट, द वेस्ट प्लस टू कॉलेज ऑफ द ईयर ग्लेशियर इंटरनेशनल कॉलेज प्लेयर ऑफ द ईयर के तौर पर धर्मेंद्र सपकोटा और हेमा खड़का को स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनिताराज ढुंगेल व कार्यक्रम निदेशक राज लुइटेल ने कहा कि समाज में लंबे समय तक विभिन्न क्षेत्रों में किए गए योगदानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। गैलेक्सी एक्सीलेंस अवार्ड के पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद आयोजन समिति की सदस्य रमा पकुरेल ने कहा कि भारत और विदेशों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के कारण इस संस्करण को भव्य और सभ्य बनाने की चुनौती के बीच आयोजन अलग तरीके से किया गया। मुख्य अतिथि उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि कार्यक्रम उनकी अपेक्षा से बेहतर था। इसके अलावा, मुख्य अतिथि रिजाल ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित करने वाले व्यक्तित्वों को पुरस्कार और सम्मान देने में सक्षम होने पर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता एविएशन के प्रमुख के. जनक अधिकारी, कृष्ण प्रसाद यादव, वरिष्ठ अभिनेत्री वसुंधरा भूशाल, वरिष्ठ संचार उद्यमी भास्करराज राजकर्णिकर, निर्देशक तीर्थ थापा, वरिष्ठ अभिनेता किरण के.सी., अमीश ढकाल, मॉडल सोनम श्रीवास्तव, नेपाल और भारत के प्रमुख लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश डीसी ने किया।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# अंबेडकर जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

रामनगर (उद संवाददाता)। अंबेडकर जयंती पर ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल पुछड़ी द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।उसके बाद शिक्षक मंडल के नवेंदु मठपाल ने कहा डॉ. अंबेडकर ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो का नारा दिया था, उस नारे को व्यवहारिक स्वरूप देते हुए इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्री मठपाल ने कहा यदि अंबेडकर के सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन,लेखन और वक्तव्यों को देखें तो पाएंगे कि वे जाति विशेष नहीं बल्कि उत्पीड़ित जन गण के सरोकार वाले नेता,चिंतक,नियोजक थे. जो भी मेहनतकश था,वंचित था,उत्पीड़ित था,अंबेडकर उसके पक्ष में खड़े थे. हालांकि यह भी सच है कि अंबेडकर दलित परिवार में जन्में और भरपूर श्रम करने के बावजूद वंचना और उत्पीड़न भी दलितों के हिस्से में ही सर्वाधिक आया,इस लिए उस तबके की लड़ाई अंबेडकर आजीवन लड़ते रहे. लेकिन दलितों के साथ ही मजदूर, किसान, महिलाएं उनके राजनीतिक चिंतन और कार्यवाहियों का अंग बने रहे.स्कूल के शिक्षक सुमित कुमार ने कहा अंबेडकर ने संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतन्त्र का चेहरा गढ़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।शिक्षक बालकृष्ण चंद ने कहा जमींदारी उन्मूलन के लिए अंबेडकर आजादी से पहले से अभियान चलाते रहे. 1936 में डॉ अंबेडकर ने इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी बनाई. कृषि उत्पादकता बढ़ाना और किसानों को गरीबी इसे उबारना इस दल के एजेंडे में था. विद्यालय की शिक्षिका हेमा जोशी ने। कहा महिलाओं के अधिकारों के मामले में तो डॉ अंबेडकर ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से त्यागपत्र ही दिया था.कानून मंत्री के रूप में, वे हिन्दू कोड बिल पारित करवाना चाहते थे. यह बिल महिलाओं को विवाह की स्वतन्त्रता,संपत्ति का अधिकार,तलाक का अधिकार जैसे अधिकार देने के लिए था. लेकिन इस कानून को पास करवाने के प्रयास में अंबेडकर केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अलग-थलग पड़ गए और अंततः उन्होने केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया. स्कूली बच्चों द्वारा पुछड़ी क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान मो ताहिर,राकेश कुमार, डोली देवी, शमीना, रुखसार, गुंजन देवी, वीरपाल सिंह, नईम, साईस्ता, इकरार, पूनम देवी, शांति देवी, प्रेमलता, ज्योति देवी, शबाना, रुखसाना,भावना, शिवम, काजल, रितेश, प्रियांशु आर्य, राबिया, पूजा, काजल, नेहा, सचिन, अल्फैज,मनीषा मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनायी संविधान निर्माता भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयती

बागेश्वर(उद संवाददाता)। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई। आंबेडकर जयंती समारोह समिति ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। जिला पंचायत परिसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। उन्हें भावपूर्वक याद किया गया और पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि हमारे संविधान में हर व्यक्ति के हित सुरक्षित हैं। जिले में आंबेडकरण की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। तहसील से जिला पंचायत परिसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। छलिया नृत्य पेश किया गया। परिसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। प्रतियोगिता विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान समिति संजय कुमार टम्टा, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, हरीश ऐठानी, संजय कुमार, हरीश आगरी, भैरव नाथ टम्टा, गिरीश धौनी, सुरेंद्र चंदोला, संजीव भारती, नरेंद्र आर्या, पितांबर लोबियाल, चंदन लाल, दलीप सिंह खेतवाल, किशन मलड़ा, दीप जोशी, त्रिभुवन लोबियाल, गीता रावल, सुनीता टम्टा, भीम कुमार आदि उपस्थित थे। इधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम कर आंबेडकर को याद किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत डसीला समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। आंबेडकर जन जागृति समिति ने मेहनरबूंगा में कार्यक्रम आयोजित किया। सेवानिवृत्त हेड मास्टर प्रताप राम ने संचालन और प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार आर्य ने अध्यक्षता की। इस दौरान हरीश चंद्र आर्य, ललित भारती, दिनेश चंद्र, गणेश राम, गोविंद राम, देव लाल आदि उपस्थित थे। भाजपा कार्यालय में अनुसूचित मोर्चा ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण समेत अन्य लोग मौजूद रहे। गरुड़। तहसील में भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। डंगोली स्थित कोट भ्रामरी सांस्कृतिक मंच परिसर में स्थित डॉ. भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि संविधान निर्माता के अथक प्रयासों से हमें बेहतर संविधान मिला। इस मौके पर भुवन पाठक, हरीश राम, प्रकाश राम, दीवान राम, लक्ष्मण राम, बसंत नेगी मौजूद रहे। उधर चौगाव छीना में धूमधाम से जयंती मनाकर एक दूसरे को बधाई देते हुए अंबेडकर के बताए मार्ग में चलने का संकल्प लिया गया।इस दौरानशांति लाल टम्टा, चन्द्रकान्त टम्टा,मुन्नी टम्टा,सोनिया टम्टा, महेश चंद्र,इंद्रा रावत, आदि मौजूद थे।



# पूर्व विधायक ठुकराल ने किया मां भगवती जागरण का शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 36 की घासमंडी में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मां भगवती के जागरण का ज्योत जलाकर शुभारम्भ किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मत्था टेका एवं माता का जागरण में भजन गायकों ने पूरी रात भजनों से मां भगवती का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आप पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों से आसुरी शक्तियों का भी नाश होता है। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल , पार्षद रंजीत सागर पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य कमल राणा दीपक सागर सुनील सागर को अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया।



# बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश कुमार सोनी की अगुवाई में समाजसेवियों ने आदर्श कालोनी स्थित बुद्ध पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश कुमार सोनी ने कहा कि बाबा साहब उस संविधान के निर्माता थे जिनकी वजह से आज सभी को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं और भारत देश एक नई दिशा में बढ़ रहा है। बाबा साहब द्वारा जो संविधान बनाया गया था वह पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोए रखता है। बाबा साहब द्वारा रचे गए इस संविधान पर पूरे भारत का समान अधिकार है। सभी नागरिक इस संविधान में समान अधिकार रखते हैं और सभी के लिए यह संविधान बनाया गया है, इसमें कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने सभी से बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आहवान किया। इस अवसर पर गोपाल सिंह गौतम, राम प्रसाद सागर, रमेश वाल्मीकि, प्रकाश शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।



# जयंती पर डा. अंबेडकर को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत रत्न संविधान रचयिता डा .भीमराव अंबेडकर की जयन्ती पर राजपुरा में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृव में कैंडल जलाकर व डा. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि देकर उनको याद किया गया। हेमन्त साहू ने कहा भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश के लिए संविधान निर्माण एक चुनौती था। जिसके लिए बाबा साहेब को ही चुना गया। हम सभी लोगो को उनके जीवन से संघर्ष और चुनौतीपूर्ण कार्यो को करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर प्रीती आर्या, पंकज कश्यप, सोनम देबी, कु.एंजल, आरूषि, मेघा सिंह, मनीषा मंडल आदि मौजूद थे।



# पाठ्यक्रम में औ से औरत शब्द हटाने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था द्वारा विद्यालयों के पाठ्यक्रम से औ से औरत शब्द हटाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व पूजा लटवाल ने कहा कि अरबी गुलामी की मानसिकता से ग्रसित औरत शब्द को सम्पूर्ण भारत में यथाशीघ्र प्रतिबंध कर विद्यालयों के पाठ्यक्रम से औ से औरत शब्द को हटाकर मातृशक्ति के सम्माननीय शब्द का प्रयोग किया जाए जिससे मातृशक्ति की गरिमा में कोई ठेस ना पहुँचे। ज्ञापन देने वालों में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय सहित लोकेश कुमार साहू, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, मनोज कुमार, रवि गुप्ता, प्रीती आर्या, शौफाली जायसवाल, चेतना लटवाल, कंचन जोशी, काजल खत्री, जानकी रैगाई, जानकी कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, मुकेश साहू, नवीन तिवारी, संदीप यादव, राजेश साहू, रोहतास प्रजापति, मुकेश बिष्ट, अमन कुमार, सुशील राय, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि उपस्थित रहे।



# आईटीबीपी के अधिकारियों ने सीएम से की भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आईटीबीपी के आईजी श्री संजय गुंज्याल के नेतृत्व में आईटीबीपी के अधिकारियों ने भेंट कर आईटीबीपी से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी द्वारा संचालित कार्यों की सराहना करते हुए आईटीबीपी से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर राज्य सरकार के स्तर पर होने वाली कार्यवाही में शीघ्रता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश सेवा में संलग्न सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों से संबंधित कार्यों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा उन्होंने देश सेवा के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के सम्मान में सड़क व स्कूलों आदि के नाम उनके नाम पर रखे जानी की बात कही। इस अवसर पर डी.आई.जी. रंजीत राण, मनु महाराज, आर.के. वर्मा, आर.के. नरवाल, सेनानी पीयूष पुष्कर, श्री अरूण रौथाण तथा पी.आर.ओ श्री राजीव नेगी भी उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**कल धूमधाम से मनायी जायेगी...**साथ ही साथ अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस श्रेणी में वह बच्चे आएंगे जिन्होंने सत्र 2021-22 में हाई स्कूल इंटर की परीक्षा में 80% अंकों से अधिक तथा ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुएशन में 70% से अधिक अंक प्राप्त किए होंगे ,साथ ही साथ कार्यक्रम में समाज में विशेष स्थान रखने वाले समाज के सभी लोगों को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रुद्रपुर इकाई द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में कई सामाजिक क्षेत्रों से शिक्षा चिकित्सा क्षेत्र से और राजनीतिक क्षेत्र से जो समाज के प्रख्यात बुद्धिजीवी लोग हैं, सभी इस समारोह में शामिल होंगे। परशुराम जयंती आयोजन हेतु एक कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसकी देखरेख में संपूर्ण आयोजन पूर्ण होगा। कार्यक्रम के उपरांत शाम 6:30 से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में संजीव शर्मा भी मौजूद थे।

**समाजसेवियों ने कांता रानी सुखीजा..** बंधाया। इस दौरान समाजसेवियों ने कहा कि कांता रानी सुखीजा एवं धार्मिक और सरल स्वभाव की महिला थी और धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहती थी। उन्होंने अपने बच्चों को संस्कारों की शिक्षा दी थी जिसकी बदौलत ही सुखीजा परिवार ने उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र को आज इतने बड़े मुकाम पर पहुंचाया।

**माफिया बोला...** के कहने पर असद शूटरों को लीड करने के लिए तैयार हो गया, मगर बाद में प्लान बदल दिया गया था। दूसरे प्लान के तहत असद को कार में ही रहना था, लेकिन शूटर के लड़खड़ाने पर वह बाहर निकला और उमेश पाल पर गोलियां बरसाई।

**प्रदेश में २४ घंटे में...**को जोडने वाले झूला पुल पर सुबह पुल खुलने से सायं को बंद होने तक एंटीजन जांच की जा रही है। डा. दिव्या नाथ द्वारा तैनात की गई टीम द्वारा जांच की जा रही है। टीम द्वारा नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ पहले स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग की जा रही है और बाद में एंटीजन जांच हो रही है। शुक्रवार को सभी की रिपोर्ट निगेटिव मिली है। नेपाल में भारत से जाने वालों की एंटीजन जांच बीते दिनों से ही होने लगी थी।

**पेट्रोल पम्प कर्मियों..** शनिवार सुबह कुछ युवक कुसुमखेड़ा स्थित अब्दुल्ला पेट्रोल पंप पहुंचे। किसी बात पर बदमाशों का पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ विवाद हो गया। देखते ही देखते उक्त लोगो ने कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। वही कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना ली। जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो मे देखा जा सकता है कि किस तरीके से पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी के साथ कई लोग मारपीट कर रहे हैं, वही इस घटना से पेट्रोल पंप एसोसिएशन में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। एसओ मुखानी रमेश बोहरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उधर, एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने बताया कि इस संबंध में पेट्रोल पंप स्वामी बैठक करेंगे। जिसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

**निजी क्लीनिकों...**प्रताप श्रीवास्तव भी कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके। उक्त क्लीनिक को भी सीज करते हुए दुकान स्वामी को 3 दिन के भीतर अपने प्रपत्र मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उक्त क्लीनिको में की गई। छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिन झोलाछाप चिकित्सकों के प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई है वह रसूखदारों से सिफारिश कराने में जुट गए हैं।

**किसानों को एक बार में..**किसान का गेहूँ उक्त दरों पर क्रय किया जाएगा उसका भुगतान उक्त दरों पर ही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बाद में क्रय किये गए गेहूँ का भुगतान पुनः विचार करने के उपरान्त निर्धारित किये जाने वाले दरों पर किया जायेगा। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य बीज उत्पादक अधिकारी दीपक पाण्डे,बीज उत्पादक अधिकारी बीसी बर्मठा, उदय राम सिंह, बीज विपणन अधिकारी दिगम्बर प्रसाद, डायरेक्टर मुकुल महेश्वरी, अंकुर पपनेजा, डॉ अजीत सिंह नैन आदि उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# समाजसेवी राकेश गुंबर को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाज एवं जनहित में अपनी अहम भूमिका निर्वाह करने निस्वार्थ होकर हमेशा समाज के लोगों की सेवा के लिये अग्रसर रहने वाले समाजसेवी व एवं मिष्ठान एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश गुम्बर को समाजहित के लिये 500 कार्यक्रम पूर्ण होने पर समाज के लोगों द्वारा सम्मानित किया गया। गुरुवार को गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोरा की अध्यक्षता में समाजहित में कार्यो के लिये 500 कार्यक्रम पूर्ण होने पर स्मृति चिन्ह, पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढाकर व केक काटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोरा ने कहा कि आज के समय में भी लोगों को समाज के हितों के लिये अपने कीमती समय को देकर समाज के लोगों को समाज के कार्यो के प्रति जागरुक करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। कहा कि समाज में जरुरतमंद लोगों की सेवा के लिये हमेशा तैयार रहने वाले समाजसेवी राकेश गुम्बर को सम्मानित करने पर हमें गर्व हो रहा है, जिस समाज में समाजसेवी रहते हैं वह समाज हमेशा तरक्की करता है। निस्वार्थ होकर समाज में अपनी सेवा देने में राकेश गुम्बर को स्थान भी सर्वोपरि में आता है विदित हो कि 500 कार्यक्रमों के तहत समाजसेवी, मिष्ठान एसोसिशयन अध्यक्ष व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश गुंबर द्वारा पूर्व में दिए गए कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉक्टर, पुलिसकर्मी ,अध्यापकों, विधायकों, सफाई कर्मियों, स्वतंत्रता सेनानियों, मंत्रियों, बैंक कर्मियों ,व्यापारियों व अन्य समाजसेवियों को सम्मानित किया गया जिसमें उन्होंने पूर्वकाल में कोरोना योद्धा, श्री राम मंदिर भूमि पूजन ,प्रधानमंत्री द्वारा टीकाकरण अभियान आरंभ करने पर ,व्यापार मंडल ,स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ,पुलिसकर्मियोंको सम्मानित किया गया। इस मौके पर जय किशन अरोरा,केवल कुमार, पंकज सेतिया ,अभिषेक गुंबर,अशोक छाबड़ा, राजीव पपनेजा, अनिल गुंबर, दीपक आदि मौजूद रहे।



# शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही एवं भास्कर नंद पांडे को सम्मानित किया

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान विधायक अरविंद पांडे ने अपने कैंप कार्यालय स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता में बताया कि पूर्व की सरकार मे जब वे शिक्षा मंत्री रहे तब उनके द्वारा विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें लागू की गई थी जिससे गरीब बच्चों को लाभ मिल रहा था तथा गरीबी अमीरी का फर्क मिट रहा था कॉपी किताबों का सेट 600 से 800 में मिल जा रहा था परंतु वर्तमान समय में प्राइवेट एवं निजी स्कूलों की मनमानी के कारण एनसीईआरटी की किताबों की जगह प्राइवेट बुक लगाई जा रही है जिनके कारण कॉपी किताबों का वही सेट 8000 से 10000 हो गया है जिसके कारण गरीब बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं उन्हें अच्छी शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पा रही है विद्यालय अच्छी शिक्षा देने के बजाय बाजारीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं उन्होंने कहा कि शिक्षा के हित में सभी अभिभावकों को एकजुट होना होगा तभी इस बाजारीकरण को समाप्त किया जा सकता है उनके द्वारा शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही एवं भास्कर नंद पांडे को एनसीईआरटी की किताबें लागू करवाने एवं विद्यालयों पर कार्यवाही करने के लिए सम्मानित किया गया।



# ईएलपीएस में धूमधाम से मना वैसाखी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास में स्थित ई० एल० पी० एस. में गत दिवस वैसाखी पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमति सिंदर कौर जठौल ने छात्र छात्राओं को वैसाखी पर्व की महत्वता को बनाया गया और सभी को वैसाखी पर्व की बधाई दी। उन्होंने बताया कि सन् 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी के द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की गई। इसके साथ ही किसान इस दिन फसलो की कटाई शुरू करते हैं और खुशी से झूमते हैं। उन्होंने कहा यह पर्व हमें एकता का संदेश देता है। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की रंगा-रंग प्रस्तुतियो ने सभी दर्शको का मन मोह लिया। जिसमे कक्षा यू के जी के विद्यार्थियों द्वारा लंबरघानी गाना, कक्षा प्रथम से मोरनी बनके, कक्षा पंचम से सोलो डान्स, कक्षा-सप्तम से मेहंदी - मेहदी, भांगडा, मुल्तान एवं गिद्दा आदि प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह जठौल, अध्यक्ष अरुण दीप सिंह जठौल, दुर्गेश बाबू, कु. मेघा शर्मा, श्रीमती गीता वर्मा, कु. अमीर बानो, कु. वर्षा गंगवार, कु. जिगर प्रीत कौर, कु. सुप्रीत कौर, कु. अंजली, कु. चंदा मदान, कु. सीमा, कु. नेहा आदि ने अपना बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया।



# 13 अप्रैल 1978 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पंतनगर (उद संवाददाता)।13 अप्रैल 1978 को पंतनगर मजदूर यूनियन द्वारा कर्मचारियों के शोषण तथा अपनी मूलभूत सुविधाएं पाने हेतु एक बहुत ही बड़े स्तर पर एक आंदोलन चलाया गया था, जब आंदोलन सफलता की ओर जा रहा था उस समय प्रशासन द्वारा जबरन बल प्रयोग करके उस आंदोलन का दबाने का प्रयास किया गया जिसमें यूनियन के 14 लोग पुलिस की बर्बरता तथा गोलियों से शहीद हो गए थे। उन शहीदो की याद को लेकर आज पंतनगर मैं ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी यूनियन से जुड़े लोग वा समाजसेवी या राजनीतिक लोगों ने शिरकत की तथा शहीद हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की इसी कड़ी में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रतिनिधि गौरव बेहड़ भी किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे, उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा यह एक बहुत ही बड़ा आंदोलन था जिसमें पुलिस द्वारा इतनी बर्बरता की गई थी, और इस आंदोलन से अन्याय के खिलाफ लड़ने की भी सीख मिलती है जिस प्रकार उस समय शहीद हुए लोगो ने अन्याय के खिलाफ अपनी जान की भी परवाह न करते हुए आंदोलन लड़ा उनकी याद में जितने भी शब्द कहे जाए वह कम ही पड़ेंगे. पंतनगर के इतिहास में वह हमेशा काले दिन के रूप हि जाना जाएगा इसके तहत प्रशासन ने इतनी बर्बरता की तथा उन्होंने शहीदों की याद में कहा कि वे केवल केवल अपनी मांगों के लिए सही नहीं हुए वक्त अभी तो पूरी पंतनगर की मांगों को पूरा करने के लिए उन्होंने शहीदी दी थी और ऐसे शहीदो को हमेशा नमन किया जाना चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने शहीदी स्मारक का सौंदर्यकरण विधायक निधि से कराए जाने की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, यूनियन अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, जनार्दन सिंह,विवेक सक्सेना, अनुराधा जोशी, जगदीश, दानिश मलिक, डिम्पल सिँह आदि लोग उपस्थित रहे।



# गुरुद्वारा में विधायक शिव अरोरा को किया समान्नित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने बैसाखी के पावन पर्व पर बिंदुखेड़ा स्थित गुरुद्वारे में पहुँचकर श्री गुरुग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाकर अरदास कर रुद्रपुर के समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बैसाखी का यह त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है जहाँ किसान भाइयों



की फसल कटने को तैयार हो जाती है तो गुरुद्वारा में धार्मिक आयोजन के साथ इस पवित्र पर्व को मनाया जाता है। वही गुरुद्वारा बिंदुखेड़ा पहुँचने पर कमेटी सदस्यों द्वारा विधायक शिव अरोरा को सरोपा भेट कर समान्नित किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा बैसाखी का पर्व क्षेत्र में उमंग आनंद का वातावरण लाये ओर हमारा क्षेत्र विकास के राह पर तेज गति से आगे बढे। इस दौरान गुरबाज सिंह, गुरचरण सिंह, मण्डल हरीश भट्ट, सुरेश कोली, मयंक कक्कड़, आदि लोग मौजूद रहे।

# कोविड चिकित्सा कर्मियों ने सांसद भट्ट को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों ने सांसद व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर उन्हें अपनी मांगो के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। वहीं



उनका धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा कोविड कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन प्रशासन से कोई जबाब नही आता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार कर्मचारियों को पदों के सापेक्ष रखे। सांसद श्री भट्ट ने कर्मचारियों से मांगों का समाधान कराने का भरोसा दिया। मिलने वालों में राहुल आर्या, पंकज राणा, महेश आर्य, नवीन बेलवाल महेश, मनीषा, ज्योति, नेहा मेर, कुमुद, अंकित यादव, भावना आर्य, कविता शर्मा, संध्या, अनिता, राधा आदि मौजूद थे।

# समाज सेवी चुघ को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैशाखी के पावन पर्व पर श्री गुरुद्वारा सिंह सभा बिंदु खेड़ा में कमेटी के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व श्री चुघ ने गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं श्री गुरुद्वारा सिंह सभा ओमेक्स सोसायटी और श्री गुरुद्वारा सिंह सभा पुराना बिंदु खेड़ा में भी श्री चुघ ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर आर्शीवाद प्राप्त किया।



जहां गुरुद्वारा कमेटी द्वारा श्री चुघ को सम्मानित किया गया। श्री चुघ गुरुद्वारा में लंगर प्रसाद भी प्राप्त किया और अरदास में शामिल होकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर गुरचरण सिंह, गुरबाज सिंह, प्रीतम सिंह, प्रधान गुरुद्वारा कुलवंत सिंह, जोगिंदर सिंह, छीद्रपाल सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, जगीर सिंह, काला सिंह, जसवंत सिंह, करनजीत सिंह, मलकीत सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनदीप वर्मा, अमित गौड़, दीपक राणा, श्याम सिंह चौहान, ज्ञान सिंह चौहान व केशव शर्मा आदि मौजूद थे।

# अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब को किया नमन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा द्वारा ग्राम जंगल जोगी ढेर में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके



महत्व पर प्रकाश डाला। श्री राणा ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग के लोगों संविधान मैं एक समान जीने का अधिकार दिया है, समानता के अधिकार के तहत अति पिछड़े लोगों को उनके संविधान से ताकत मिली है, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया, इस मौके पर ग्राम प्रधान मदन सिंह राणा, मुन्ना सिंह, राम जी, ध्रुव सिंह राणा, इन्दर पाल मान आदि मौजूद थे।

# बाबा साहब ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुये संविधान बनाया: बहुगुणा

सितारगंज(उद संवाददाता)। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने व उनको अधिकार देते हुए संविधान बनाया। उन्होंने आंबेडकर विद्यालय परिसर



में 78 लाख की लागत से निर्मित होने वाले भवन निर्माण की आधारशिला रखी। साथ ही मूर्ति निर्माण के लिए 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। शुक्रवार को नकुलिया रोड स्थित आदर्श आंबेडकर विद्यालय परिसर में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा ने कहा कि वह क्षेत्र के हर व्यक्ति, हर धर्म, हर समाज के साथ काम करना चाहते हैं। वहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, सूरज नारायण, चंडी प्रसाद, विजय शंकर, रामकुमार, रामाशंकर, हेमराज भाष्कर, बबलू सागर, अविनाश बाल्मीकि, चंद्रपाल आदि रहे।

# ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैशाखी के पर्व के अवसर पर ग्राम बिंदुखेड़ा व रामगढ़िया गुरद्वारा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना करते हुए वैशाखी की बधाई दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शब्द कीर्तन के साथ धार्मिक दीवान सजाये गए एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुखवंत सिंह, गुरचरण सिंह, गुरबाज सिंह, प्रीतम सिंह, प्रधान गुरुद्वारा कुलवंत सिंह, जोगिंदर सिंह, छिंद्रपाल सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, जंगीर सिंह, काला सिंह, जसवंत सिंह, करनजीत सिंह, मलकीत सिंह, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

